बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक : यो०मो०–3–कार्य–10–49/2023– 2578 पटना, दिनांक : 04/11/26

आवश्यक सूचना

विषय : आगामी रब्बी सिंचाई 2026–27 के दौरान खड़गपुर जलाशय का नहर संचालन बंद रखने के संबंध में।

Subject : Notice for closure of canal operations of Kharagpur Reservoir during the upcoming Rabi Irrigation 2026-27.

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर परिक्षेत्राधीन सिंधवारणी जलाशय योजना एवं इससे निकलने वाली उच्चस्तरीय मुख्य नहर के पुनर्स्थापन कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित वीयर स्थल पर जलस्तर को समाप्त किये जाने के उद्देश्य से खड़गपुर जलाशय से निःसृत नहरों में रब्बी सिंचाई 2026–27 के दौरान जलापूर्ति बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

अतः खड़गपुर जलाशय योजना के कमाण्ड क्षेत्र के कृषकों को सूचित किया जाता है कि रब्बी सिंचाई 2026–27 के दौरान इन नहरों में जलापूर्ति नहीं की जा सकेगी। उनसे अनुरोध है कि उक्त अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था से पटवन करने का कष्ट करेंगे। उपरोक्त कार्य में कृषकों का भरपूर सहयोग प्रार्थित है।

03/11/26

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

पत्रांक : यो०मो०–3–कार्य–10–49/2023– 2578 पटना, दिनांक : 04/11/26

प्रतिलिपि : जन संपर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचना की दस प्रति एवं ई–मेल के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। कृपया इस सूचना को दो समाचार पत्रों में एक दिन बीचकर दो दिन प्रकाशित कराया जाय।

03/11/26

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

पत्रांक : यो०मो०–3–कार्य–10–49/2023– 2578 पटना, दिनांक : 04/11/26

प्रतिलिपि : माननीय उप मुख्यमंत्री (जल संसाधन) के आप्त सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, कृषि विभाग, बिहार, पटना/ निदेशक, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, पटना/अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना/ आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर/मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा/मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, जल संसाधन विभाग, पटना/जिलाधिकारी, मुंगेर/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल 1/2, जल संसाधन विभाग, पटना/ अधीक्षण अभियंता, सिंचाई योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/11/26

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

पत्रांक : यो०मो०–3–कार्य–10–49 / 2023–2578 पटना, दिनांक : 04/11/26

प्रतिलिपि : कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

03/11/26

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)